दिनांक– 27 / 08 / 2024 समयः 2.10पीएम

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया विश्वविद्यालय में कल 28 अगस्त को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी। इसमें देश-विदेश के उद्योगपति इस क्षेत्र की कई विशेषताओं के साथ ही औद्योगिक निवेश के अवसरों को तलाशेंगे।

हस्तशिल्प उत्पाद में ग्वालियर का कालीन विशेष स्थान रखते हैं। इसे जीआई टैग मिला है, जिससे इसकी पहचान देश ही नहीं विदेशों में भी बनी है। इस वजह से कालीन इंडस्ट्री का तेजी से विकास हुआ है। ग्वालियर में प्राकृतिक सम्पदाएँ भी प्रचुर मात्रा में है, जिसमें सेंड स्टोन एक है। यहाँ के सेंड स्टोन की विदेशों में बहुत मांग है। ग्वालियर संगीत के क्षेत्र में भी विशेष स्थान रखता है। यहाँ पर तानसेन एवं बैजू बावरा सहित कई मशहूर गायक हुए हैं। यूनेस्को द्वारा ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' की मान्यता दी गई है ।

केन्द्रीय मंत्री इंदौर दौरा

केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव एक दिवसीय दौरे पर इंदौर आये| इस दौरान उन्होंने सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने बोन मेरो ट्रांसप्लांट यूनिट, आयुष्मान भारत योजना, आभा आईडी, नेफ्रोलॉजी यूनिट, कैथ लैब में

व्यवस्थाएं देखीं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 100 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट सहित तीन मांगें भी मंत्री के सामने रखी। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया | उन्होंने अस्पताल में विभिन्न विभागों में सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक में यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा की है. जिसे 1 अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा. इस योजना का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सेवा की अवधि और अंतिम आहरित वेतन के आधार पर स्थिर पेंशन प्रदान करना है. भोपाल रेल मंडल के डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने इसे कर्मचारियों के हित में बताया है:

'गोगा नवमी'

प्रदेश में आज जाहरवीर गोगा जी महाराज का जन्मोत्सव 'गोगा नवमी' मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश एवं देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि 'गोगा नवमी' का पर्व वाल्मिकी समाज के लोग द्वारा खासतौर पर मनाया जाता है। गोगा नवमी के पर्व पर हर साल राजस्थान के गोगामेढ़ी में मेला लगता है। यहां पर हजारों की संख्या में गोगा स्वामी के भक्त गोगादेव की पूजा करने के लिए आते हैं। खंडवा में वाल्मीकि समाज द्वारा झांकी के रूप में छड़ियों की शोभायात्रा धार्मिक उत्साह के साथ निकाली जा रही है ।

मौसम

प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम अब कमजोर पड़ गया है। अगले 2 दिन कहीं भी तेज बारिश की संभावना नहीं है। आज सुबह से राजधानी भोपाल समेत कुछ जिलों में धूप निकली है। हालांकि 29-30 अगस्त से फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा। ऐसे में सितंबर की शुरुआत भी तेज बारिश से होगी। इस बार जून, जुलाई और अगस्त में मानसून सीजन के कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। अब तक सीजन की 88 प्रतिशत बारिश हो चुकी है।

भोपाल में सामान्य से 108 प्रतिशत बारिश हो गई है। शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, सिवनी, निवाड़ी और सिंगरौली में भी सामान्य से ज्यादा पानी गिर गया है।

प्रदेश के 5 जिले ऐसे हैं, जहां 40 इंच से अधिक पानी बरस चुका है। प्रदेश के लगभग सभी डैम 90 प्रतिशत या इससे अधिक भर चुके हैं। बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, जोहिला, पारसडोह, चंदौरा, तवा, कुंडालिया समेत अन्य डैम के गेट भी खुल चुके हैं।

समाचार संक्षेप

1. टीकमगढ में कल जन्माष्टमी पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने जिला जेल मे कैदियों के साथ जन्माष्टमी मनाई। उन्होंने बंदियों को श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन पर आधारित प्रसंग सुनाकर धर्म और न्याय के रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया।

2. खंडवा में साहित्य अकादमी द्वारा कल पंडित शिवकुमार चौरे स्मृति समारोह व्याख्यान एवं नाट्य मंचन का आयोजन किया गया है ।

3. इंदौर के मंदिर सोमवार आधी रात 'जय कन्हैया-लाल की' के जयकारों से गूंज उठे। रात 12 बजे शहर के कृष्ण मंदिर घंटे-घड़ियाल, ढोल-नगाड़े और झांझ-मंजीरों की ध्वनि से गुंजायमान हो गए। और

4. नर्मदापुरम जिले में भी जन्माष्टमी पर सांसद, विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने जन्माष्टमी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।